**<u>न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)/जे.एम. देवबन्द, सहारनपुर।</u>**

वाद संख्या–719 सन 2026

सरकार बनाम अबदुल्ला<br>
मु.अ.सं.–332/2026<br>
अं.धारा–123, 274, 275, 223, 318(4) बी.एन.एस.<br>
थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर।

**<u>उपार्पण आदेश</u>**

अभियुक्त अब्दुल्ला के विरूद्ध मु.अ.सं.–332/2026 अं.धारा–123, 274, 275, 223, 318(4) बी.एन.एस. थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर में आरोपपत्र न्यायालय में विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया है। अभियुक्त अब्दुल्ला आज जेल से न्यायालय में उपस्थित आया। प्रस्तुत प्रकरण में अभियुक्त को धारा–230 बी.एन.एस.एस. के अनुपालन में अभिलेखों की प्रतियाँ प्रदान की जा चुकी हैं। अभियुक्त अब्दुल्ला उपकारागार देवबन्द में निरूद्ध है।

प्रस्तुत मामले की पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड व अभिलेखों का मैंने अनुशीलन किया। प्रकरण मुकदमा अपराध संख्या– 332/2026 अं.धारा–123, 274, 275, 223, 318(4) बी.एन.एस. थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर माननीय सत्र न्यायालय द्वारा परिक्षणीय है। अतः वाद माननीय सत्र न्यायालय को उपार्पित किया जाता है।

अभियुक्त को निर्देशित किया जाता है कि वह माननीय सत्र न्यायालय के समक्ष दिनाँक–03–08–2026 को उपस्थित हो। पत्रावली मय समस्त अभिलेखों, कैलेण्डर एवं वाद सम्पत्ति, यदि कोई हो तो अंदर सप्ताह माननीय सत्र न्यायालय को प्रेषित की जाये। लोक अभियोजक को सूचित हो।

दिनाँक–20.07.2026

**(आशीषानन्द)**<br>
सिविल जज (जू.डि.)/जे.एम.<br>
देवबन्द, सहारनपुर<br>
जे.ओ.कोड यू.पी. 3698